हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**123वें नंबर के नार्डी ने हराया : उलटफेर का शिकार हुआ जोकोविच**

Page 09



देश

**चारधाम के अलावा उत्तराखंड का नैसर्गिक सौंदर्य हमेशा से देश-दुनिया के लोगों...**


शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • गुरूवार • 14 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 94 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 65, 840 | ₹75,200 |



## आज का इतिहास

- 1931 : भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का बॉम्बे (अब मुम्बई) में प्रदर्शन हुआ।
- 1965: भारतीय फिल्म अभिनेता आमिर ख़ान का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### ट्रांसफार्मर फटने से तीन वकील झुलसे, एक की मौत

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजधानी पटना से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पटना सिविल कोर्ट में बुधवार की दोपहर एक ट्रांसफार्मर अचानक फट गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर के पास खड़े तीन वकील बुरी तरह से झुलस गए। एक वकील की घटनास्थल पर ही मौत गई। दो अन्य को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाने में जुट गई। मृतक की पहचान सिविल कोर्ट के नोटरी देवेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है।

### बीटीएससी के 22 नए नर्सिंग संस्थानों में इस सत्र से नामांकन

**पटना (नि.सं.)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस सत्र से राज्य के 22 नए सरकारी एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग संस्थानों में स्टूडेंट का नामांकन कराया जाएगा। इन सभी नये नर्सिंग संस्थानों का भवन तैयार हो चुका है। इन स्कूलों में 60-60 सीटों पर नामांकन होगा। यानी कुल 1320 नयी सीटों पर नामांकन हो सकेगा। इसके लिए राज्य के 22 नर्सिंग संस्थानों में प्राचार्य की पोस्टिंग कर दी गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा नर्सिंग कॉलेजों और संस्थानों में प्राचार्य पद के लिए चयनित 35 अभ्यर्थियों की सूची दी थी।

### पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदलना जरूरी

**पटना (नि.सं.)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्टैग उपयोग करने वालों को सलाह दी है कि सुगम यात्रा और टोल प्लाजा पर होने वाली असुविधा से बचने के लिये वह 15 मार्च पहले दूसरे बैंक द्वारा जारी फास्टैग खरीद लें। प्राधिकरण ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाये गये प्रतिबंधों के तहत जारी दिशानिर्देशों के अनुसार पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले लोग 15 मार्च के बाद न तो रिचार्ज करा पायेंगे और न ही उसमें अतिरिक्त राशि जोड़ पायेंगे। वह फास्टैग में जमा मौजूदा राशि का इस्तेमाल निर्धारित तिथि के बाद भी कर पायेंगे।

### भारत-भूटान खाद्य सुरक्षा समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली (ए.)।** केन्द्र सरकार ने भूटान के स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

देश के सूचना और प्रसारण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन : अनुराग ठाकुर

# केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप किया जारी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रसार भारती की समाचार साझाकरण सेवा पीबी-एसएचएबीडी और दूरदर्शन समाचार और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट के साथ-साथ नावीनतम न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप जारी किया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि आज देश के सूचना और प्रसारण क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, प्रसार भारती ने हर क्षेत्रीय भाषा में देश के हर कोने से समाचार एकत्र करने के साथ-साथ समाचार वितरण का एक विस्तृत नेटवर्क विकसित किया है। अब हमारा इस सटीक और सार्थक सामग्री को भारत के बाकी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उद्योग के साथ साझा करने का विचार है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि समाचार संगठनों को स्वच्छ फ़ीड प्रदान की जाएगी और इसमें दूरदर्शन का प्रतीक चिन्ह नहीं होगा। यह फ़ीड देश के सभी कोनों से विभिन्न भाषाओं में सामग्री एकत्रित करेगी। इससे समाचार उद्योग में क्रांति आएगी और उन छोटे समाचार संगठनों को बड़े पैमाने पर सहायता मिलेगी जिनके पास सामग्री एकत्र करने के लिए व्यापक नेटवर्क का प्रबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि पीबी-एसएचएबीडी ऐसे सभी संगठनों के लिए समाचार सामग्री प्रदान करने के लिए एक स्थान पर उपलब्ध स्रोत होगा। केंद्रीय मंत्री महोदय ने आगे बताया कि पीबी-एसएचएबीडी सेवा एक आरंभिक प्रस्ताव के रूप में पहले वर्ष के लिए निःशुल्क रूप से प्रस्तुत की जा रही है और यह पचास श्रेणियों में सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में समाचार सामग्री प्रदान करेगी। दूरदर्शन समाचार और आकाशवाणी की संशोधित वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर ऐप के बारे में श्री ठाकुर ने कहा कि आकाशवाणी समाचार व्यापक मोबाइल कनेक्टिविटी के युग में भी बहुत अधिक प्रासंगिक बना हुआ है और अब भी सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में सटीक जानकारी का प्रमुख स्रोत है।

दिल्ली मेट्रो फेज-4 को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

## 8400 करोड़ की लागत से बनेंगे दो कॉरिडोर

- नुराग ठाकुर ने कहा, आज 2 नए मेट्रो कॉरिडोर को जो मंजूरी दी गई है, उसमें 8400 करोड़ रुपए व्यय होगा।

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने 8,399 करोड़ रुपये की लागत पर दिल्ली मेट्रो चरण-IV को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं के तहत दो कॉरिडोर- लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक का निर्माण किया जाएगा।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज दो नए मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है, जिस पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक करीब 8.4 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन होगी। इसमें आठ स्टेशन होंगे। दूसरी इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक करीब 12.4 किलोमीटर की मेट्रो लाइन होगी। यह मार्च 2029 तक पूरी हो जाएगी।

# गुप्ताधाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप दुर्गावती डैम में गिरी, 4 महिलाओं की मौत

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



बिहार के रोहतास जिले में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई। प्रसिद्ध गुप्ताधाम में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वैन गायघाट के पास 200 फीट पहाड़ से नीचे दुर्गावती डैम में जा गिरी। गाड़ी में सवार चार महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। पिकअप सवार सभी लोग भोजपुर और बक्सर जिले के रहने वाले थे। घायलों को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक करीब 20 से ज्यादा श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गुप्ताधाम के रास्ते में कैमूर पहाड़ी से दुर्गावती जलाशय परियोजना के डूब क्षेत्र में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही चेनारी थाना पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। मौके पर भारी भीड़ भी जुट गई। सभी ने घायलों को बाहर निकाला। उन्हें आनन-फानन में चेनारी पीएचसी लाया गया। चेनारी के डॉक्टर अमिताभ सुमन ने बताया कि पांच घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य का चेनारी में ही इलाज किया गया।

## सड़क हादसे में पांच बारातियों की मौत



**मुजफ्फरपुर(नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर में बुधवार को सड़क हादसे में 5 बारातियों की मौत हो गई। 3 से ज्यादा लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि आज सुबह बारातियों से भरी बोलेरो चकिया से वल्गार लौट रही थी। इसी दौरान रामपुर हरि के पास अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही, 3 लोगों की मौत इलाज के दौरान ले जाते वक्त हुई। तीन घायलों को मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा रामपुर हरि गांव के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलने के बाद रामपुर हरि थाने की पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने घायलों के इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा है। मृतकों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मृतक की पहचान सोहन महतो (50), विपिन महतो (54) प्रद्युमन ढागर (28), इंद्र कुमार ढागर (40) और कारी ढांगर (40) के रूप में की गई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है, बारात बैलगढ़ से चकिया गई थी जो आज सुबह वापस लौट रही थी। इस बीच रामपुर हरि के पास ट्रक और बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस मामले में एसकेएमसीएच ओपी प्रभारी ललन कुमार ने बताया कि फिलहाल 5 लोगों का शव पोस्टमार्टम हाउस में पहुंची है। पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। घायलों का इलाज चल रहा है।

## नीतीश कैबिनेट का आज होगा विस्तार

**पटना(नि.सं.)।** एनडीए सरकार का कैबिनेट विस्तार आज होगा। सूत्रों की मानें तो पहले विधान परिषद के विजयी उम्मीदवार सर्टिफिकेट लेंगे। इसके बाद नए मंत्रियों को शपथ दिलाया जाएगा। 45 दिन बाद नीतीश कैबिनेट का विस्तार होगा। महागठबंधन से नाता तोड़ने के बाद नीतीश कुमार 28 जनवरी को एनडीए के साथ आए थे। तब सीएम समेत 9 मंत्रियों ने शपथ ली थी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के पास वर्तमान में 9-9 विभाग हैं।

बताते चलें कि कई दिनों से कैबिनेट विस्तार की मांग की जा रही थी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मुद्दे को लेकर भी सरकार को घेरने की कोशिश की थी। सूत्रों की माने तो जेडीयू कोटे के मंत्रियों में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। वहीं बीजेपी नए चेहरों को मौका दे सकती हैं।

## मुख्यमंत्री से मिला बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल



**निज संवाददाता | रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने 13 मार्च को मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा बांगला भाषा को प्राथमिक स्तर के विद्यालय में पुनर्स्थापित करने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने संयुक्त रूप से कहा कि बांगला भाषा की पढ़ाई में पाठ्यक्रम पुस्तकों की उपलब्धता और प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक शिक्षकों की नियुक्ति हमारे पूर्व के वैभव को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड में निवास करने वाले बांगली समुदाय के सर्वांगीण विकास तथा उत्थान हेतु किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय है। मौके पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने अनुरोध किया कि झारखंड के सभी रेलवे जंक्शन, स्टेशन एवं ठहराव पर पूर्व की तरह नाम पट्टिका में बांगला लिपि का भी प्रयोग किए जाने की दिशा में राज्य सरकार सकारात्मक पहल करे।

विधान परिषद चुनाव : नामांकन पर्चा की स्क्रूटनी पूरी

## 11 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध



- 14 मार्च को मिलेगा जीत का सर्टिफिकेट

**निज संवाददाता | पटना**

विधान परिषद चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पर्चा की स्क्रूटनी पूरी हो गई है। सीएम नीतीश, राबड़ी देवी समेत सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच गई। सभी के नामांकन सही पाए गए हैं। बिहार निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जांच के दौरान किसी भी तरह की कोई खामियां नहीं पाई गई। लिहाजा, सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध हैं। बिहार विधान परिषद के लिए बीजेपी के 3 और महागठबंधन के सभी 5 उम्मीदवारों ने सोमवार को नामांकन भरा था। इस मौके पर खुद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। महागठबंधन की ओर से राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, फैसल अली, उर्मिला ठाकुर और माले की शशि यादव ने नामांकन किया था। वहीं, बीजेपी की ओर से मंगल पांडे, अनामिका सिंह और लालमोहन गुप्ता ने पर्चा भरा था।

## 24 जिलों में बियाडा को आवंटित भूमि का दाखिल-खारिज लंबित

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य के 24 जिलों में बियाडा (बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार) को औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए आवंटित की गई जमीन का दाखिल-खारिज नहीं हो सका है। जबकि इसे लेकर उद्योग विभाग, पटना और जिला स्तर पर कई बार सीओ और संबंधित पदाधिकारियों को पत्र लिखकर अनुरोध किया जा चुका है। इसके बावजूद भी कार्य का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इसपर उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव ने आपत्ति जताई है। उन्होंने सभी संबंधित जिलों के जिलाधिकारी को पत्र भेजकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। बताया है कि दाखिल खारिज करने के लिए कई बार जिला स्तर और मुख्यालय से भी पत्राचार किया गया है। इसके बावजूद भी इसमें देरी हो रही है। इस कारण बियाडा को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पिछले दिनों मोतीपुर में बियाडा की जमीन से अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस और पब्लिक के बीच भारी झड़प हुई थी। इसमें दोनों ओर से कई लोग जख्मी हो गए थे। मामला रास्ता विवाद से जुड़ा था। मोतीपुर में भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए बियाडा को कई एकड़ जमीन आवंटित की गई है। वहां पर लेदर क्लस्टर और बैग क्लस्टर समेत अन्य उद्योग लगाए जाने हैं।

**15 मार्च को होगी बैठक**

उन्होंने 15 को सभी जिलों के डीएम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक निर्धारित की है। इसमें मामलों के निष्पादन में देरी होने पर चर्चा की जाएगी और अविलंब इसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने को कहा जाएगा। ताकि बियाडा उस जमीन को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास शुरू कर सके।

## फौकानिया-मौलवी का रिजल्ट जारी 94.79 फीसदी परीक्षार्थी सफल

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को फौकानिया और मौलवी का रिजल्ट जारी कर दिया। फौकानिया में 94.79 फीसदी सफल घोषित किए गए हैं। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 61 हजार 779 में 58 हजार 559 सफल हुए। 1171 असफल हुए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मो. नूर इसलाम ने बताया कि फौकानिया (समकक्ष मैट्रिक) और मौलवी (समकक्ष इंटर) का परिणाम बोर्ड के अध्यक्ष सलीम परवेज ने वेबसाइट पर जारी किया। फौकानिया में 15 गैर मुस्लिम विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें 13 सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 12 हजार 875 (21.99 प्रतिशत) दूसरी श्रेणी में 45,474 (77.66 प्रतिशत) और तीसरी श्रेणी में 210 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। मौलवी की परीक्षा चार संकाय (मौलवी इस्लामियात, मौलवी कला, मौलवी कॉमर्स, मौलवी विज्ञान) पर आधारित है। इनमें इस्लामियात संकाय में कुल विद्यार्थियों संख्या 5,894 है। इनमें 3308 प्रथम श्रेणी, 2315 दूसरी और 12 परीक्षार्थी तीसरी श्रेणी में सफल हुए हैं। मौलवी कला में 19 हजार 20 में प्रथम श्रेणी में 11 हजार 138, दूसरी श्रेणी में 6886 और तीसरी श्रेणी में 66 विद्यार्थी सफल हुए। मौलवी विज्ञान में कुल 4860 में प्रथम श्रेणी में 3,873 प्रथम, 719 दूसरी श्रेणी में सफल हुए हैं। मौलवी कॉमर्स में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 138 हैं। इनमें प्रथम श्रेणी में 70 और दूसरी में 41 परीक्षार्थी सफल हुए। बोर्ड के सचिव के अब्दुस सलाम अंसारी ने कहा कि www.bsmeb.org पर रिजल्ट अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## 16 या 17 मार्च को घोषित हो सकती है लोकसभा चुनाव की तिथि

**एजेंसी | नई दिल्ली**



लोकसभा चुनाव के एलान को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ऐसे में अब इसका कभी भी एलान हो सकता है। फिलहाल जो संकेत मिल रहे है उसके तहत 16 या 17 मार्च को इसका एलान किया जा सकता है। 2019 में लोकसभा चुनाव का एलान 10 मार्च को ही कर दिया गया था। हालांकि, इससे पहले चुनाव आयुक्तों के दोनों ही खाली पदों को भरा जा सकता है। जिसे लेकर 14 मार्च को पीएम की अगुआई में चयन समिति की अहम बैठक प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद ही नियुक्ति के आदेश जारी किए जा सकते है। साथ ही उन्हें जल्द ही जिम्मेदारी संभालने के लिए भी कहा जा सकता है। चुनाव आयोग ने वैसे भी जम्मू-कश्मीर के दौरे के बाद इन तारीखों के एलान के संकेत दिए थे। ऐसे में आयोग का 12 और 13 मार्च का यह दौरा आज खत्म हो गया है। माना जा रहा है कि आयोग अब अगले दो दिन चुनाव एलान से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप देगा। सूत्रों की मानें तो आयोग ने इस बीच 16 और 17 मार्च के दिन को आरक्षित रखा है। साथ ही अपने शीर्ष अधिकारियों को शहर से बाहर न जाने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने 2019 में भी लोकसभा चुनाव का एलान रविवार को किया था। इसी बीच, वैसे भी जिस तरह से चुनावी हलचल बढी है, उससे यह साफ है कि लोकसभा चुनाव कभी भी एलान हो सकता है। भाजपा और कांग्रेस जैसे दलों ने लोकसभा चुनाव के लिए अब तक अपने प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर चुकी है।

## खिलाड़ियों के लिए मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात, क्रिकेट के अलावा इंडोर और आउटडोर गेम्स की ट्रेनिंग दी जाएगी

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के स्कूली और बाहरी खिलाड़ियों को आधुनिक और स्वच्छ वातावरण वाले माहौल में खेल की सुविधा मिलेगी। छात्रों को खेल के क्षेत्र में बेहतर करने के उद्देश्य से मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पटना के नौबतपुर के आजवां गांव स्थित बीपीएल रेसिडेंसियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बनेगा। स्कूल के निदेशक बीबी झा ने कहा कि यहां कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई की सुविधा है। अब स्कूल के प्रांगण में ही यहां विद्यार्थियों के लिए मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। क्रिकेट के अलावा, आउटडोर गेम्स जैसे फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल खेलों की व्यवस्था होगी। वहीं, इंडोर में बैडमिंटन, चेस व कैरम की ट्रेनिंग दी जाएगी। इन सभी के लिए मान्यता प्राप्त ट्रेनर को रखा जाएगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्कूली बच्चों के अलावा इस क्षेत्र के स्थानीय बच्चों के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के भी बच्चे खेल का प्रशिक्षण ले सकते हैं। स्कूल में छात्रावास की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ नौकरी दे रही है। ऐसे में बच्चों को कम उम्र से ही खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाना बहुत जरूरी है। मिनी स्टेडियम के होने से ग्रामीण बच्चों को भी आगे आने का अवसर मिलेगा।

BAYC Institute

स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE

MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL

BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

पहले तीन बच्चों ने एक साथ नदी में लगाई थी छलांग

# नदी में नहाने के दौरान दो भाई समेत चार बच्चों की डूबकर हुई मौत



निज संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई हैं। वहीं एक दोस्त है, जबकि चौथा दोनों सगे भाई का मामा है, लेकिन उम्र में छोटा है। सभी दीननगर नदी में नहाने गए थें। पहले तीन बच्चों ने एक साथ नदी में छलांग लगाई। गहराई की वजह से तीनों डूबने लगे। इन्हें बचाने के लिए चौथे ने भी छलांग लगा दी, पर वो तीनों को नहीं बचा सका, उल्टा खुद भी डूबने लगा। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी की है। मृतकों की पहचान दिननगर निवासी मोहम्मद शाहनवाज (12), इसका भाई मोहम्मद अरबाज (8), इन दोनों का मामा मोहम्मद ढिल्लों (8) के रूप में हुई है। इसके अलावा शाहनवाज का दोस्त 14 वर्षीय मोहम्मद सैफ है। घटना के बाद लोगों ने बच्चों को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब तक तीन की मौत हो गई थी। चौथे बच्चे को नदी से जिंदा निकाला गया, लेकिन पानी से बाहर आते ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को अपने कब्जे में ले लिया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। जगदीशपुर थाना अध्यक्ष गणेश कुमार ने कहा कि नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। एक बच्चे के परिजनों का कहना है कि हम पोस्टमॉर्टम नहीं करवाएंगे। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पाया गिरने से एक की मौत, दो घायल

निज संवाददाता

**जमुई**। जमुई के सोनो इंडेन गैस गोदाम स्थित आरा मील में लकड़ी लेने पहुंचा तेज रफ्तार ट्रैक्टर आरा मिल में घुस गया। इससे ईंट का पाया गिरने से तीन मजदूर दब गए। इसमें रामदयाल शर्मा की मौत हो गई। जबकि रूमल यादव और नीतीश कुमार घायल हो गया। जिसे स्वजन द्वारा इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र सोनो में भर्ती कराया गया। जहां व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि रामदयाल शर्मा का घर आरा मशीन के बगल में ही है। वह किसी काम से आरा मशीन पर गए थे और खड़े थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर लकड़ी लेने आई और पाया में टक्कर मारते हुए रामदयाल शर्मा को भी टक्कर मार दिया। इससे ईंट का पाया गिर गया और रामदयाल शर्मा बुरी दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे वहां मौजूद परिजन और अन्य के सहयोग से तीनों घायल को इलाज के लिए सोनो अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने के बाद इलाज कर रहे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, घायल को सदर अस्पताल लाने के दौरान रामदयाल शर्मा की रास्ते में ही मौत हो गई। फिर डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति की मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल होने लगा। मृतक को तीन बेटे और तीन बेटी है। पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। इधर, घटना की जानकारी के बाद टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। टाउन थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# गैस लीक होने से दो सिलेंडर ब्लास्ट महिला और बच्चे समेत 12 घायल

निज संवाददाता




**पटना**। पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में शादी के बाद मंगलवार की देर रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस घटना में महिला, पुरुष, बच्चे सहित 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फतुहा थाना प्रभारी ने बताया कि सुल्तानपुर गांव में गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना मिली थी। कई लोग घायल हो हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि 7 मार्च को सुल्तानपुर गांव में एक घर में शादी हुई थी। शादी खत्म होने के बाद मंगलवार की शाम चौठारी पूजा को लेकर खाना बनाने का काम चल रहा था। खाना बनाने में परिवार के कई लोग एक-दूसरे की मदद कर रहे थे। अचानक खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही परिवार के कई पुरुषों ने आग को बुझाने के लिए कंबल और पानी का छिड़काव करना शुरू कर दिया। अचानक दो सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। इस हादसे में शादी समारोह में आए परिवार के महिला, पुरुष, बच्चों सहित 12 से ज्यादा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में अनिता कुमारी 20 वर्ष, यीशु कुमार 6 वर्ष, संजीत कुमार 8 वर्ष, अमरजीत कुमार 10 वर्ष, पीयूष कुमार 6 वर्ष, रिया कुमारी 4 वर्ष, मीना देवी 30 वर्ष, शुभम कुमार 4 वर्ष, मुन्नी देवी 30 वर्ष, अखिलेश महतो 25 वर्ष, चानू देवी 35 वर्ष, सोनू कुमार 25 वर्ष, संध्या कुमारी 12 वर्ष एवं बबलू कुमार 10 वर्ष शामिल हैं।

## गहरे खाई में पलटी कार, चार घायल

निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र रामपुर माधो गांव के पास मंगलवार की देर रात एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे गहरे खाई में पलट गई। इस हादसे में कार सवार चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जख्मियों में हरियाणा के फरीदाबाद सेक्टर 88 निवासी स्व हर प्रसाद भाटी के बेटा संदीप सिंह भाटी, सेक्टर 7 निवासी स्वर्गीय जयप्रकाश के बेटा लोकेश राघव और सतपाल रावत के बेटा रजत रावत और सेक्टर 8 निवासी देवलाल के बेटा अरुण तेवतिया शामिल है।आज के इस डिजिटल युग में हर कोई गुगल मैप का उपरोग कर संबंधित स्थान तक पहुंच जाता है। लेकिन कभी कभी गुगल मैप भी आपको धोखे में डाल सकता है। कुछ इसी तरह की घटना कार सवार चार युवकों के साथ हुई है।

# अभियान अरुणोदय के तहत चोरी-लूट के 38 मोबाइल और 27 बाइक मालिकों को सौंपा

निज संवाददाता



**समस्तीपुर**। समस्तीपुर पुलिस ने अभियान अरुणोदय के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित एक समारोह के दौरान चोरी व छीनी गई 27 बाइक के साथ एक ई-रिक्शा के अलावा 38 मोबाइल धारक को वापस किया। पहले पुलिस को ओर से रिकवर सामानों को कार्ट से रिलीज कराना होता था, लेकिन इस अभियान के तहत धारक को कोर्ट का चक्कर लगाना नहीं पड़ा। पूरी प्रक्रिया पुलिस ने पुरी कर धारक को बुलाकर मोबाइल व बाइक वापस किया। कलेक्ट्रेट में मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार ने वाहन मालिक को बाइक की चाबी सौंपी। उन्हें मोबाइल भी प्रदान किया। इस अभियान के तहत इसके लिए जिले भर में 5 टीम बनाई गई थी। टीम वन ने 9, टीम दो ने 7, टीम तीन ने दो, टीम चार ने पांच और टीम पांच ने चार बाइक व एक ई रिक्शा बरामद की। जिसकी कीमत करीब 22 लाख रुपए आंकी गई है। डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत अब 473 बाइक स्वामी को बिना कोर्ट का चक्कर लगाए वापस किया गया है।

जिसकी कीमत 3.64 करोड़ होगी। 15वीं बार 38 मोबाइल करीब 8 लाख रुपए के वापस किए गए है। इसके लिए भी जिले भर में पुलिस पदाधिकारियों की पांच टीमों का गठन किया गया था। टीम वन ने 12, टीम टू ने 6, टीम थ्री ने 3, टीम फोर ने 6 के अलावा टीम पांच ने 11 मोबाइल बरामद कर वापस किया। यहां बता दें कि गत वर्ष जनवरी महीने से यह अभियान चलाया जा रहा है कि अबतक 1349 मोबाइल करीब 3.12 करोड़ का लोगों को वापस किया गया है। यह वैसे मोबाइल जो खो गए थे, घर में चोरी के दौरान चोरी हुए थे। छिनतई की घटना के दौरान छीन लिया गया था।

## पटना में आर्केस्ट्रा गर्ल के ठुमके पर हर्ष फायरिंग

**पटना (नि.सं.)**। पुलिस मुख्यालय के कड़े निर्देश के बावजूद भी पार्टी फंक्शन में हर्ष फायरिंग का मामला रुकने के नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पटना के गोपालपुर का है, जहां थाने से महज कुछ दूरी पर ही शादी समारोह में हाथ में बंदूक थामे आर्केस्ट्रा गर्ल का भोजपुरी गाने पर डांस चलता रहा। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने जमकर फायरिंग भी की। वीडियो बीते 11 मार्च का बताया जा रहा है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पटना सदर की एएसपी स्वीटी शेरावत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपालपुर थाने को ही जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का यह कहना है कि अगर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी रात में गस्ती के निकलती तो शायद ऐसे मामलों पर पुलिस रोक लगा सकती थी, लेकिन गोपालपुर थाने की पुलिस एक्टिव नहीं हुई।

# मालगाड़ी साइड लाइन की ठोकर तोड़कर रेलवे लाइन को छोड़ आया बाहर, जमीन से ऊपर लटका इंजन

निज संवाददाता



**समस्तीपुर**। समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड के भगवानपुर देसुआ स्टेशन के पास मालगाड़ी हादसे की शिकार हो गई। बुधवार सुबह मालगाड़ी साइड लाइन की ठोकर तोड़कर रेलवे लाइन को छोड़ बाहर आ गया। जिससे रेल इंजन जमीन से ऊपर लटक गया। सूत्रों के अनुसार, ड्राइवर को रेड सिग्नल की जगह पीला सिग्नल दिखाई दिया, जिस वजह से यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद एडीआरएम आलोक कुमार अपने रेलवे अधिकारियों की टीम साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर बचाव और राहत कार्य जारी है। ट्रैक को दुरुस्त करने के लिए 100 से अधिक रेलवे कर्मियों को इस कार्य में लगाया गया है। दूसरी तरफ, इस मामले में तत्कालन लोको पायलट मो. आलमगीर और आमकारनाथ ठाकुर को रेलवे प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में दोनों की नौकरी जानी तय है। बताया जा रहा है कि 58 बोगियों वाली मालगाड़ी डाउन लाइन में एफसीआई का आनाज लेकर कटिहार के लिए चली थी, जो समस्तीपुर में डिरेल हा गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, कुछ देर के लिए समस्तीपुर- खगड़िया रेल खंड पर ट्रेन सेवा बाधित हुई थी, लेकिन उसे तुरंत बहाल कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, मालगाड़ी सुबह 5.40 बजे भगवानपुर देसूआ स्टेशन पर पहुंची थी। इसे आगे जाना था, लेकिन क्रासिंग के कारण इस ट्रेन को मेन लाइन से लूप लाइन में लगाया जा रहा था। इसी बीच गुमटी पर लगा सिग्नल लोको पायलट को पीला दिखाई दिया, जिस कारण ड्राइवर ने ट्रेन आगे बढ़ा दिया। इस दौरान ट्रेन लूप लाइन के डेड स्टॉप (ठोकर) को तोड़कर बाहर निकल गया, जहां आगे रेलवे गुमटी तक पहुंचने के लिए रास्ता बना हुआ था। बाहर निकलने के बाद इंजन आगे से मिट्टी पर फंस गया और ट्रेन का इंजन हवा में लटक गया। हालांकि, जानकारी ये भी मिल रही है कि ट्रेन चलाने के दौरान झपकी लग गई थी। जिससे वह सिग्नल को समझ नहीं पाया और लाल सिग्नल को क्रॉस कर आगे बढ़ गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन को पुनः रेलवे पटरी पर लाने में कम से कम 5-6 घंटा का समय लग सकता है। रेलवे की दुर्घटना राहत टीम के 100 से अधिक सदस्य इस कार्य में लगे हुए हैं। पहले इंजन से जुड़े बोगी को कट कर पीछे किया गया है। जिसके बाद इंजन को पटरी पर लाने के लिए टीम लग गई है। इस हादसे के कारण रेलवे गुमटी का बुम भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का किया उद्घाटन



- आधुनिक सुविधाओं के साथ रोजगार के मिलेंगे अवसर

निज संवाददाता

**भागलपुर**। सॉफ्टवेयर डेवलपर्स और आईटी के क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को अब शहर में ही रोजगार मिलेगा। अभी तक आईटी क्षेत्र में काम करने के लिए लोगों को अन्य जगहों पर जाना पड़ता है। बरारी में 10.44 करोड़ की लागत से दस हजार वर्ग फीट में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का काम पूरा हो जाने के बाद बुधवार को इसका उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने किया। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क से ऐप डेवलपमेंट के साथ सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट इंजीनियरों को रोजगार मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

इसका निर्माण लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ कराया गया है। इसका लाभ भागलपुर सहित कोसी-सीमांचल के आईटी सेक्टर से जुड़े युवाओं को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने बताया कि 11 करोड़ से निर्मित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कृपा से और बिहार में पटना के बाद यह सॉफ्टवेयर का बड़ा स्थान है। यहां 110 प्लग एंड प्लेयूनिट्स का निर्माण कराया गया है। सेंटर में हर तरह की सुविधा दी गई है। अलग से एक मीटिंग हॉल भी बनाया गया है। एसटीपी के अवर निदेशक राजीव कुमार ने बताया सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए एसटीपी का निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल को ध्यान में रख इसका निर्माण कराया है।

बता दें कि भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अर्जित चौबे ने 2015 में तत्कालीन सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद से मिलकर भागलपुर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनाने की मांग की थी। तब पीएम मोदी ने आरा में 165 करोड़ के सॉफ्टवेयर पार्क बनाने की घोषणा की थी। बाद में भागलपुर में सॉफ्टवेयर पार्क बनने का रास्ता साफ हुआ तो रविशंकर प्रसाद ने इसका शिलान्यास किया था। शहर में बने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के जरिए युवाओं को घर में ही रहकर आधुनिक सुविधाओं के साथ रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसी के साथ आईटी सेक्टर में काम करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां यहां अपनी यूनिट्स लगाकर निवेश कर सकेंगी। बड़ी कंपनियों को देखते हुए भी यहां हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई है। सेंटर का संचालन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की ओर से किया जाएगा।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)**

**आवश्यक सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 4729 दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक– 6440 दिनांक– 17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक– 848 दिनांक– 21.03.2017 के आलोक में महात्मागाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) एवं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का दिनांक– 09.03.2024 को आयोजित दक्षता परीक्षा एवं उनके प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत कोटिवार मेधा/प्रतीक्षा सूची एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का परीक्षाफल तैयार किया गया है। जिसे जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर जारी किया जाता है।

**PR 322467 Rural Development(23-24)#D** उपायुक्त, गढ़वा

Govt. of Bihar

**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
RCD, Road Division No.-1, Aurangabad (Bihar) - 824101
*E-mail ID: - eercdaurangabad@gmail.com, ee-rd-aurangabad-bih@nic.in*
*Mob No. +91-9470001281*

**SBD BASED DETAILED NOTICE INVITING TENDER**
(through e-procurement mode only https://eproc2.bihar.gov.in)
NIT No.-RCD/AURANGABAD/SBD/03/2023-24

1. Designation and Address of the Advertiser : **Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad**
2. Date of Issue of Notice Inviting Tender : **12.03.2024**
3. Period for download of Tender Document : From**04.04.2024** to**19.04.2024**upto 15.00 hours (From Website : www.eproc2.bihar.gov.in)
4. Date, Time & Place of Pre-Bid meeting : Date**08.04.2024**at 11 hours at the Office of the Chief Engineer, South Bihar, RCD, Patna
5. Period for uploading tender documentsby bidder : From **20.04.2024** to **27.04.2024** . till. time 15.00Hourson www.eproc2.bihar.gov.in
6. Last date, time and place for submission of original instrument of EMD& all affidavit : **As per the Dept. Office Order No. 07 Cum Memo No. 163(E)), Dt. 10.01.2024**
7. Date, time & Place of opening of Technical Bid : *Date.***29.04.2024** *Time- 15.30 hours* Place: *On Website -www.eproc2.bihar.gov.in*
8. Details of works:-

| S.No. | Name of work | Estimated Cost/ECV ( Rs in .Lakh). | Amount of Earnest money ( Rs in .Lakh). | Cost of B.O.Q (to be paid through online) (non-refundable) in Rs. | Bid Processing Fee (to be paid through online) (non-refundable in Rs. | Time of completion of work (in month) Including monsoon period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Barun Bypass Road Nayee Bazar to NH-2 Via Dhamni Ganjbarun. (Total Length 3.04 km) | 1266.55 | 22.67 | 10,000.00 | 5900.00 | 18 Month |

9. Date, time & place of opening of Financial Bid : Date :- **09.05.2024** Time :- 15.30 hours Place: On Website -www.eproc2.bihar.gov.in
10. **Project scope & work** To undertake
    **(i) Construction of Barun Bypass Road Nayee Bazar to NH-2 Via Dhamni Ganjbarun (Total Length : 3.04 km)**
11. Bid Validity : 120 Days.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**
PR- 019761 (RCD) 2023-24

**Executive Engineer**
**RCD, Road Division No. 1**
**Aurangabad**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

64वीं औपबंधिक सूची
जिला–लातेहार (पार्ट–05)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोकमेंप्रदत्तकंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरलीधर प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह एवं बिरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 260. | 1. आवेदन क्र0–288/24 2. आवेदक–जयराम उराँव, पिता–स्व0 सुनवा उराँव<br>3. ग्राम–बमनहेरूआ, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना जांघ पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 261. | 1. आवेदन क्र0–289/24 2. आवेदक–चन्दन साव, पिता–स्व0 पचकौड़ी साव<br>3. ग्राम–पतरातू, पोस्ट–कैमा, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला पर बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 262. | 1. आवेदन क्र0–290/24 2. आवेदक–मितनी मसोमात, पति–स्व0 जगदेव उरांव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–बमनहेरूआ, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हांथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 263. | 1. आवेदन क्र0–291/24 2. आवेदक–कालो देवी, पति– राजू उरांव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–लुटी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह– पसली पर बायी ओर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 264. | 1. आवेदन क्र0–292/24 2. आवेदक–नन्ददेव उरांव, पिता–स्व0 गेन्दवा उरांव<br>3. ग्राम–भुसुर, पोस्ट–जालिम, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 265. | 1. आवेदन क्र0–293/24 2. आवेदक–पार्वति देवी, पति–रामधनी उरांव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–लुटी पोस्ट–टेमकी थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष,<br>पहचान चिन्ह–बायी ओर आंख और कान के बिच में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 266. | 1. आवेदन क्र0–294/24 2. आवेदक–उर्मिला उरांव, पति–स्व0 रामेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–लुटी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 267. | 1. आवेदन क्र0–295/24 2. आवेदक–मंगरा उरांव पिता–स्व0 बुधवा उरांव<br>3. ग्राम–लुटी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 268. | 1. आवेदन क्र0–296/24 2. आवेदक–बासुदेव उरांव पिता–स्व0 चैतु उरांव<br>3. ग्राम–जड़ेयांग, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आंख के निचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 269. | 1. आवेदन क्र0–297/24 2. आवेदक–जयमंति देवी, पति–स्व0 शिवराम उरांव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–जड़ेयांग, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ पर बायी ओर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 270. | 1. आवेदन क्र0–298/24 2. आवेदक–राजेन्द्र उरांव, पिता–स्व0 टीपन उरांव<br>3. ग्राम–रजवार (टोला हरैयाखाड़), पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हांथ के तलहती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 271. | 1. आवेदन क्र0–299/24 2. आवेदक–प्रभात मिंज, पिता–थामस मिंज<br>3. ग्राम–चेताग, पोस्ट–चेताग, थाना–बालुमाथ, प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 272. | 1. आवेदन क्र0–300/24 2. आवेदक–मंगलदेव भगत, पिता–स्व0 भिखू भगत<br>3. ग्राम–बमनहेरूआ पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कान के पास मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 273. | 1. आवेदन क्र0–301/24 2. आवेदक–केवल उरांव, पिता–स्व0 चरण उरांव<br>3. ग्राम–जड़ेयांग पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ गला से निचे हसुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 274. | 1. आवेदन क्र0–302/24<br>2. आवेदक–मतिया मसोमात पति–जगलाल उरांव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–बमनहेरूआ, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 275. | 1. आवेदन क्र0–303/24 2. आवेदक–रामचन्द्र उरांव पिता–कुलेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–जड़ेयांग (टोला ठेकही),पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना नाक के छिद्र के उपमर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 276. | 1. आवेदन क्र0–304/242. आवेदक–सजिब खान पिता–स्व0 मो0 जमाल खान<br>3. ग्राम–डुरूआ, पोस्ट–रेलवे स्टेशन,लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

**PR 322313 Home(23-24).D**

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, गुरूवार, 14 मार्च 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### स्क्रैप गोदाम में लगी आग, साढ़े तीन घंटे में पाया काबू

**गाजियाबाद , एजेंसी।** नंदग्राम क्षेत्र में रेत मंडी के पास एक स्क्रैप के गोदाम में सोमवार रात करीब डेढ़ बजे आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकलकर्मियों ने मौके पर चार फायर टेंडरों की मदद से साढ़े तीन घंटे में आग पर काबू पाया। इसके बाद करीब एक घंटे तक दमकलकर्मियों ने बचाव कार्य किया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि गोदाम के ऊपर से हाईटेंशन लाइन जा रही है। गोदाम में टीन शेड की बाउंड्री वॉल के अंदर प्लास्टिक, कागज, कांच, लकड़ी का स्क्रैप रखा था। आग कबाड़ में लगने से काफी फैल गई। ऐसे में गोदाम को दोनों तरफ से हौज पाइप फैलाकर मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर आग पर काबू पाया गया। लगभग पांच बजे सुबह आग पर काबू पाया जा सका। सीएफओ ने बताया कि गनीमत रही हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। जांच की जा रही है।

### सम्मोहित कर महिलाओं से ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**मोदीनगर , एजेंसी।** सम्मोहित कर महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, कब्जे से 10 हजार नकदी व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पकड़े गए बदमाश दिल्ली एनसीआर, सोनीपत में महिलाओं को ठगी का शिकार बना चुके है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि 10 मार्च को बदमाशों ने झांसे में लेकर कोमल पत्नी रवि निवासी मोदीनगर से 50 हजार रुपये की ठगे थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की तीन टीमों को बदमाशों की तलाश में लगाया। एसीपी ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश की गई। पुलिस ने चेकिंग के दौरान गोविंदपुरी के पास ठगी करने वाले कार सवार चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम इखलाख, इब्राहिम, अजरूददीन व साबिद निवासी सेक्टर 11 जूल्लू चौक चांदमारी झुग्गी झोपड़ी विजयनगर गाजियाबाद बताया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 10 हजार 340 रुपये बरामद किए। एसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश दिल्ली एनसीआर, सोनीपत आदि स्थानों पर महिलाओं को सम्मोहित कर व अपनी बातों में उलझाकर ठगी का शिकार बनाते थे।

### सोशल मीडिया पर डायल 112 गाड़ी को धक्का लगाने का वीडियो वायरल

**मोदीनगर , एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन के स्टेशन के आसपास डायल 112 गाड़ी को धक्का लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग 112 गाड़ी को धक्का लगाते दिख रहे हैं। डायल 112 गाड़ी को कुछ लोग धक्का लगाकर स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस की छानबीन में पता चला कि वीडियो दिल्ली-मेरठ मार्ग पर नमो भारत ट्रेन के स्टेशन के आसपास सोमवार रात का है। बताया गया है कि हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची थी, वापस आते समय अचानक गाड़ी खराब हो गई। गाड़ी में तैनात पुलिसकर्मी धक्का लगाकर गाड़ी को स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। मौके से पुलिसकर्मियों ने घायल को किसी अन्य गाड़ी से अस्पताल भेजा।

### भ्रूण लिंग परीक्षण कर रहे दो आरोपी मशीन समेत फरार

**गाजियाबाद , एजेंसी।** लोनी के ज्योति विहार में भ्रूण लिंग परीक्षण कर रहे दो आरोपी कमल और मकान मालिक पंकज स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचते ही फरार हो गए। मौके से एक महिला बबीता को 20 हजार रुपये के साथ टीम ने पकड़ लिया। वह स्वयं को आशा कार्यकर्ता बता रही थी, लोनी सीएचसी प्रभारी डॉ. जीपी मथूरिया ने बताया कि उस नाम की कोई आशा विभाग में कार्यरत नहीं है। मामले की रिपोर्ट लोनी थाने में दर्ज कराई गई है। पीसीपीएनडीटी के विधि सलाहकार अधिवक्ता उमेश गुप्ता ने बताया कि फरार आरोपी कमल के खिलाफ इसके पहले भी चार बार रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन जमानत कराने के बाद वह फिर से जांच शुरू कर देता है। पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) के नोडल अधिकारी डॉ. चरण सिंह ने बताया कि मंगलवार को गुरुग्राम से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग ने भ्रूण लिंग जांच करने वालों को पकड़ने की योजना बनाई थी।

# गुरु गोरखनाथ धाम स्टेशन के नाम से जाना जाएगा जायस स्टेशन, आठ रेलवे स्टेशनों के नाम भी बदलेंगे




**अमेठी , एजेंसी।** अमेठी जिले के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही जायस रेलवे स्टेशन गुरु गोरखनाथ धाम के नाम से जाना जाएगा। जिले के सात अन्य रेलवे स्टेशनों के नाम जिले के प्रसिद्ध मंदिरों व महापुरुषों के नाम से पहचाने जाने लगेंगे।

गृहमंत्रालय ने इन स्टेशनों के नामों के परिवर्तन को मंजूरी दे दी है। प्रदेश सरकार के विशेष सचिव को पत्र भेजकर नोटिफिकेशन का गजट प्रकाशित करने को कहा गया है। स्टेशनों के नाम बदलने की प्रक्रिया जल्द पूरी होने की संभावना है।

अमेठी संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी व लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी रेल ट्रैक के स्टेशन जल्द ही क्षेत्र के इतिहास के पन्नों में अपनी अमिट छाप रखने वाले प्रसिद्ध मंदिर या महापुरूष के नाम से पहचाने जाएगें। गत दिनों प्रतापगढ़ जिले के कई स्टेशनों का नाम देवी मंदिरों पर रखने के लिए जिले के लोगों ने स्टेशनों के नाम बदलने की मांग की थी। मामला केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी के संज्ञान में आया तो लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जिले के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों व लोगों को पहचान दिलाने के लिए प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा था।

इस प्रस्ताव पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अवर सचिव भारत सरकार ललित कपूर की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करते हुए प्रदेश सरकार के विशेष सचिव को पत्र जारी किया है। पत्र जारी कर गजट प्रकाशित करने को कहा है। इसे प्रकाशित होने के बाद जल्द आठ स्टेशनों का नाम बदले जाएंगे। स्टेशनों का नाम बदलने की सूचना पर लोगों में खुशी का माहौल है।

### इन नामों से होगी अब स्टेशनों की पहचान

जिले की कासिमपुर हॉल्ट को जायस सिटी, जायस रेलवे स्टेशन को गुरु गोरखनाथ धाम, बनी रेलवे स्टेशन को स्वामी परमहंस, मिश्रौली रेलवे स्टेशन को मां कालिकन धाम, फुरसतगंज स्टेशन का नाम पीढ़ी के बाबा तापेश्वर धाम किया जाएगा।

निहालगढ रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम मां अहोरवा भवानी धाम, वारिसगंज स्टेशन का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान रखा जाएगा। सभी स्टेशनों के नाम देवनागरी व अंग्रेजी में भी भेजा है, ताकि गजट प्रकाशन के बाद कोई त्रुटि नहीं हो। उम्मीद है कि एक-दो दिन में स्टेशनों का नाम परिवर्तन होने का गजट प्रकाशित होने के बाद नाम परिवर्तित हो जाएंगे।

### पर्यटन के साथ बढ़ेगा क्षेत्र का सम्मान – निजी सचिव

स्टेशनों के नामों में बदलने के बारे में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव विजय गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले दो रेल ट्रैकों के आठ स्टेशनों का नाम महापुरूष या देव मंदिरों के नाम जल्द होने की पुष्टि की है।

केंद्रीय मंत्री की कोशिश है कि क्षेत्र का विकास हो और इतिहास की पहचान बनाई जा सके। स्टेशनों का नाम परिवर्तित होने से पर्यटन को विकास मिलेगा तो क्षेत्रीय लोगों की भावना को भी सम्मान मिलेगा। बताया की प्रक्रिया पूरी होते ही जल्द ही इस पर अमल होने की उम्मीद है।

## पायल, बिछिया और टप्स से हुई मृतकों की पहचान, शव देख पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की भी कांप गई रूह

**गाजीपुर , एजेंसी।** गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र के महाहर मंदिर से 400 मीटर दूर बस पर टूटकर गिरी हाईटेंशन तार से जलकर चार महिलाओं और एक बस चालक की मौत हुई थी। हादसे के बाद देर शाम तक मोर्चरी हाउस में शिनाख्त के लिए परिजन पहुंच रहे थे। मृतकों की पायल, बिछिया, टप्स, कंगन और मंगलसूत्र से पहचान कर परिजन दहाड़े मारकर बिलख उठे। देर रात करीब तीन बजे तक पांचों शवों का तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। वहीं मृत चार शवों के डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल सुरक्षित किया गया। देर रात बस चालक का परिजनों ने श्मशान घाट पर अंतिम कर दिया। जबकि अन्य शवों को शव वाहन से उनके घर तक पहुंचाया गया।

हादसे की जानकारी होते ही पोस्टमार्टम टीम ने तैयारियां पूरी कर ली। इधर, पुलिस प्रशासन की टीम शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए कागजी कार्रवाई में जुट गई। रात करीब 10.30 बजे तक तीन शव पोस्टमार्टम हाउस आ गए थे, लेकिन पुलिस की कागजी कार्रवाई पूर्ण नहीं हो सकी थी।

इधर, मर्चरी हाउस में रखे दो शव पूरी तरह से जल चुके थे, शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। जिला और पुलिस प्रशासन की देखरेख में रात करीब 11.30 बजे डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम ने पोस्टमार्टम शुरू किया। पोस्टमार्टम रात करीब तीन बजे तक चलता रहा है। शवों का पोस्टमार्टम कर रहे डॉक्टरों की भी रूह कांप उठी। इस दौरान बस चालक जगरनाथ यादव की पूर्णतः शिनाख्त होने पर सैंपल डीएनए टेस्ट के लिए नहीं रखा गया।

## अब घर बैठे रामलला की आरती देख सकेंगे भक्त, दूरदर्शन ने शुरू किया प्रसारण

**अयोध्या , एजेंसी।** रामलला के भक्तों को राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक नई सुविधा प्रदान की गई है। भक्त घर बैठे हर दिन सीधे अयोध्या से आरती का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। दूरदर्शन रोज सुबह 6:15 बजे अयोध्या में राम मंदिर से दैनिक आरती का प्रसारण करेगा। इसका शुभारंभ हो गया है।



22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से राम मंदिर भक्तों के लिए खोला गया था। मंदिर खुलते ही रामलला के दर्शन को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रामलला के दरबार में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना डेढ़ से दो लाख भक्त रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही रामलला की आरती में शामिल होने के लिए ट्रस्ट की ओर से पास की व्यवस्था शुरू की गई थी।

श्रृंगार, भोग व शयन आरती में सम्मिलित होने के लिए ट्रस्ट की ओर से पास जारी किए जाते हैं। अब रामलला की सुबह 6:15 बजे होने वाली श्रृंगार आरती के लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था शुरू कर दी गई है। दूरदर्शन ने मंगलवार को पहले दिन इसका ट्रायल किया है। बुधवार से रोजाना लाइव प्रसारण की सुविधा सुचारू रूप चलने लगी। 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक लगभग 75 लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं।

राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि रामलला की श्रृंगार आरती का लाइव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से शुरू कर दिया गया है । जल्द ही रामलला की संध्या आरती के भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था शुरू कराई जाएगी।

## प्रो. अनुराग शुक्ल ने उच्च शिक्षामंत्री से जताया जान-माल का खतरा, की सुरक्षा की मांग

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में आगरा कॉलेज के निलंबित प्राचार्य प्रो. अनुराग शुक्ल ने उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय के साथ उनके सहयोगियों व कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीके गौतम से खुद और अपने परिवार की जान-माल का गंभीर खतरा जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मंगलवार को पत्र लिखकर सशस्त्र सुरक्षाबल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

प्रो. अनुराग शुक्ल की ओर से आरोप लगाया गया है कि उनको कॉलेजों के शिक्षकों से सूचना मिली है कि उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय व असंवैधानिक रूप से प्राचार्य बनकर कार्य कर रहे डॉ. सीके गौतम की ओर से खुलेआम कहा जा रहा है कि किसी का भी आदेश हो जाए, वह दोबारा प्रो. अनुराग शुक्ल को आगरा कॉलेज का प्राचार्य नहीं बनने देंगे। प्राचार्य आवास की बिजली पानी कटवाकर पुलिस में इतने मुकदमे लदवा देंगे कि जीवन भर जेल में सड़ेंगे। कोई अधिकारी उनकी इच्छा के बाद कोर्ट का कोई आदेश लागू नहीं कर सकेगा। उनकी इच्छा के बिना अनुराग शुक्ल नौकरी क्या, अनुराग शुक्ल जीवन भी नहीं जी पाएगा।



प्रो. अनुराग शुक्ल का आरोप है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी उनका वेतन कटवाकर 13 दिन का ही भेजवाया गया। सर्किट हाउस में हुई बैठक में कहा गया कि अनुराग शुक्ल आगरा में नहीं दिखना चाहिए। वह मानसिक तनाव की स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से समय लेने की कोशिश की है। समय मिलने पर उनसे मुलाकात करेंगे।

प्रो. अनुराग शुक्ल का कहना है कि उनके आवास पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीके गौतम ने अपने नाम की नाम पट्टिका लगा दी है। आवास की बिजली काटने की भी तैयारी चल रही है। डॉ. सीके गौतम का कहना है कि प्रबंधन की ओर से उन्हें प्राचार्य का प्रभार दिया गया है। आवास प्राचार्य के लिए है, इसलिए उन्होंने अपने नाम की पट्टिका लगाई है।

**आरोप मनगढ़ंत कोई धमकी नहीं दी:** डॉ. सीके गौतम का कहना है कि प्रो. अनुराग शुक्ल की ओर से लगाए गए सारे आरोप मनगढ़ंत हैं। उनकी जांच कराई जा सकती है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से उन्हें प्रभार दिया गया है, इसलिए सेवाएं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रो. अनुराग शुक्ल के आवास का दो वर्ष का 1.45 करोड़ रुपये का पानी का बिल बकाया है। आवास में कॉलेज की बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है, बिजली का बिल का भी करोड़ों रुपये बकाया है।

## आगरा जमीन कांड: जांच पर जांच... दोषियों पर नहीं आई आंच, फिसल रही एसआईटी की विवेचना



**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बोदला मार्ग पर 10 हजार वर्ग जमीन पर कब्जे के लिए पांच निर्दोष लोगों को जेल भेजने के मामले में सिर्फ जांच पर जांच हो रही है। दो महीने बाद लूटा गया सामान तो बरामद किया गया, लेकिन पीड़ित परिवार से शराब और गांजे की फर्जी बरामदगी में शामिल पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसआईटी की विवेचना में भी पुलिसकर्मियों का कोई दोष सिद्ध नहीं किया जा सका है।

बोदला में जमीन पर कब्जे का प्रकरण काफी चर्चा में रहा था। केयरटेकर रवि कुशवाहा सहित उसके परिवार के पांच लोगों को जेल भेजा गया था। दो फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए थे। रवि कुशवाह सहित तीन से गांजा बरामद किया गया था। उसकी पत्नी और बहन से शराब बरामद दिखाकर जेल भेजा गया था। गांजा बरामदगी के मुकदमे में पुलिस वादी बनी थी, जबकि शराब बरामदगी का मुकदमा आबकारी निरीक्षक ने दर्ज कराया था। दोनों की फर्द में अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। मामले में थाना जगदीशपुरा के तत्कालीन एसओ जितेंद्र कुमार, बिल्डर कमल चौधरी और उसके बेटे धीरू चौधरी को नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एसओ को जेल भेजा गया था। बिल्डर पिता-पुत्र को हाईकोर्ट से गिरफ्तारी से स्टे मिल गया। दो दिन पहले पुलिस ने एक आरोपी किशोर बघेल से पूछताछ के बाद प्लॉट से लूटा गया घर का सामान बरामद किया था। मगर, सवाल अब भी बाकी हैं।

**पुलिस ने बढ़ाई माल बरामदगी की धारा:** जमीन पर कब्जे के बाद केयरटेकर के घर के सामान को आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर ले गए थे। इस पर मुकदमे में डकैती की भी धारा लगी थी। माल बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास में लगी थी। शुक्रवार को पुलिस ने किशोर बघेल से पूछताछ के बाद एक प्लॉट से घर से लूटा गया सामान बरामद किया था। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह ने बताया कि मुकदमे में माल बरामदगी की धारा 411 को बढ़ा दिया गया है। इससे आरोपियों की मुश्किल बढ़ेगी। यह सामान आरोपी के कब्जे वाले प्लॉट से ही मिला था।

## आगरा के दो मंत्रियों से छिना विभाग... घट गया कद, मंत्रिमंडल विस्तार में नए मंत्रियों को दी गई जिम्मेदारी

**आगरा , एजेंसी।** सूबे की योगी सरकार द्वारा लगातार विवादों में चल रहे आगरा के दो मंत्रियों से विभाग लेकर नए मंत्रियों को दे दिए गए हैं। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में उच्च शिक्षा मंत्री के साथ आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के पास अब केवल उच्च शिक्षा मंत्री का प्रभार रह गया है। उनके दो विभागों को अन्य मंत्रियों को दे दिया गया है। इसी तरह धर्मवीर प्रजापति से कारागार हटाकर उन्हें केवल नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड मंत्री रहने दिया गया है।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नए मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया तो आगरा के दोनों मंत्रियों का कद भी कम हो गया। स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति से कारागार लेकर दारा सिंह चौहान को दिया गया है। उन्हें केवल होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा सौंपा गया है।

साल 2021 में वह एमएलसी बनाए गए थे। योगी सरकार के पिछले कार्यकाल में भी वह चुनाव से पूर्व हुए विस्तार में मंत्री बनाए गए थे। वहीं, योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री बनाए गए योगेंद्र उपाध्याय के पास मौजूद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को अनिल कुमार को दिया गया है। वहीं आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स को सुनील शर्मा को दिया गया है।

**विवादों से जुड़ा योगेंद्र उपाध्याय का नाम**

एक साल से योगेंद्र उपाध्याय किसी न किसी वजह से चर्चाओं और विवादों में बने हुए हैं। शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता को चेक देने का मामला हो या टीला माईथान में मृतक परिजन को चेक देने के समय हुआ विवाद, दोनों मामलों में असंवेदनशीलता का मामला उठा तो अब जगदीशपुरा जमीन मामले में भी उन पर पार्टी के ही विरोधियों ने सवाल उठाए।

हाल में ही आगरा कॉलेज के निलंबित प्राचार्य ने उन पर कई आरोप लगाए और मुख्यमंत्री से शिकायत की। जमीन संबंधी मामलों के विवाद के बाद उनसे मंगलवार को आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का प्रभार हटा लिया गया। अपने कार्यकाल में वह आगरा के साफ्टवेयर पार्क को शुरू नहीं करा पाए, वहीं आईटी पार्क की योजना भी अमल में नहीं आ सकी।

## सत्ता संग्राम 2024 : छोटे दलों का साथ... फायदे की बात, यूपी से दिल्ली का रास्ता बिना सहयोगियों संभव नहीं दिखता

**लखनऊ, एजेंसी।** करीब 24 करोड़ की आबादी वाले राज्य में लोकसभा की 80 सीटें हैं। यहां जाति और क्षेत्रवाद की भावना प्रबल है। अलग-अलग जाति व समाज में दबदबा रखने वाले क्षेत्रीय दलों की पौ बारह है। सूबे में यह लोकसभा चुनाव पिछले विधानसभा चुनाव की तरह भाजपा व मुख्य विपक्षी दल सपा के इर्दगिर्द घूमता नजर आने लगा है। दोनों ने ही अपने-अपने नेतृत्व में सहयोगी तलाशे हैं। भाजपा नीत राजग में अनुप्रिया पटेल का अपना दल एस और मंत्री संजय निषाद की निषाद पार्टी पहले की तरह शामिल है। अब रालोद भी शामिल हो गया है। सपा के खेमे से ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को भी तोड़ लिया है।

विपक्ष की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर बना कांग्रेस नीत इंडिया यहां उम्मीद के हिसाब से आकार नहीं ले पाया है। प्रदेश में विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथ है, जिसमें कांग्रेस जूनियर सहयोगी की भूमिका में है। इंडिया में शामिल आम आदमी पार्टी भी सपा-कांग्रेस गठबंधन में शामिल नहीं हो पाई है। बसपा को जोड़ने का प्रयास फिलहाल सफल होता नजर नहीं आ रहा है। अपना दल (कमेरावादी) सपा के साथ है। आजाद समाज पार्टी भी साथ आ सकती है। बसपा सुप्रीमो मायावती लगातार अकेले चुनाव लड़ने की बात दोहरा रही हैं। 2019 से 2024 के बीच पांच सालों की बात करें तो गठबंधन की सियासत में प्रदेश में बड़ा उतार-चढ़ाव आया है। बदले हालात में कौन गठबंधन प्रदेश के अलग-अलग इलाकों के जातीय जंजाल को भेद कर अपने प्रदर्शन में कितना सुधार कर पाता है, इसपर सबकी नजरें हैं। 2019 के चुनाव की बात करें तो भाजपा गठबंधन को 80 में 64, सपा-बसपा-रालोद गठबंधन को 15 और कांग्रेस को एक सीट से संतोष करना पड़ा था।







**2019 : महागठबंधन नहीं रोक सका था मोदी का विजय रथ:** 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा और रालोद ने गठबंधन किया था। इसे महागठबंधन करार दिया गया था। राजनीतिक विश्लेषकों ने भविष्यवाणी शुरू कर दी थी कि मोदी के विजय रथ को यह गठजोड़ यूपी में रोक देगा। लेकिन, ऐसा हो नहीं सका।

भाजपा गठबंधन ने 64 सीटें जीतकर परचम लहरा दिया था। यह महागठबंधन 15 सीटों पर सिमट गया था। बसपा को 10 और सपा को 5 सीटें मिली थीं। रालोद का खाता नहीं खुल पाया था।

कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में एकला चलो के सिद्धांत पर चुनाव लड़ा था। नतीजा ये हुआ कि राहुल अपनी पैतृक व परंपरागत सीट अमेठी भी भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी से हार गए। कांग्रेस को सिर्फ रायबरेली सीट से संतोष करना पड़ा था। इस बार बसपा-रालोद गठबंधन से बाहर हैं। सपा-कांग्रेस ने हाथ मिलाया है।

**इसलिए छोटे दलों से होती है गठबंधन की जरूरत:** राजनीतिक विश्लेषक प्रो. गोपाल प्रसाद कहते हैं कि यूपी के लिहाज से देखें तो भाजपा (वोट शेयर-49.98 प्रतिशत), सपा (18.11 प्रतिशत) और बसपा (19.43 प्रतिशत) जैसी पार्टियां तमाम लोकसभा सीटों पर लाख में वोट हासिल करती हैं। लेकिन कई सीटें 5-10-20-25 हजार वोटों से हार जाती हैं। सिर्फ अपने जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल चुनाव जीतने वाला आधार तो पैदा नहीं कर पाते। पर, ये पार्टियां 5 से 25 हजार और कई लोकसभा सीटों पर आबादी के हिसाब से 40-50 हजार वोट का आधार बनाने में सक्षम होती हैं।

## कोचिंग संचालक ने अपनी कार से तीन दोस्तों से पहले एक कार को भी मारी थी टक्कर-दर्ज होगा केस

**गोरखपुर , एजेंसी।** रामनगर चौराहा पर रविवार रात जाहिदाबाद के तीन दोस्तों को कार से उड़ाने वाले कोचिंग संचालक ने उसके पहले गोरखनाथ ओवरब्रिज पर भी एक कार को जोरदार टक्कर मारी थी। सोमवार शाम गोरखनाथ थाने पहुंचे पीड़ित कार मालिक ने कोचिंग संचालक सूर्य प्रताप सिंह के विरुद्ध तहरीर दी। गैर इरादतन हत्या के केस में पुलिस इस मामले को भी शामिल करेगी।

सुभाषचंद्र बोस नगर कालोनी में रहने वाले रणविजय चंद ने गोरखनाथ थाना पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि रविवार रात वह कार से धर्मशाला बाजार की तरफ से घर लौट रहे थे। गोरखनाथ ओवरब्रिज पर पीछे से आई तेज रफ्तार बेलेनो कार ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी।

उन्होंने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक कार लेकर तेजी से भाग निकला। हालांकि इस दौरान उन्होंने कार का नंबर नोट कर लिया। बाद में पता चला कि उसी कार चालक ने रामनगर चौराहे पर टहल रहे तीन साथियों को भी रौंद दिया। उस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद उनको इसकी जानकारी हुई।

## एक नजर

### स्टूडेंट्स ने ली मतदान की शपथ

**औरंगाबाद (का. सं.)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में छात्रों को स्वीप की नोडल पदाधिकारी सह वरिया उप समाहर्ता, श्वेता प्रियदर्शी ने मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर कॉलेज के कर्मी एवं प्राध्यापक गण भी मौजूद रहे।

### कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के बेरिका गांव से सोमवार को कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि बेरिका गांव निवासी कल्लू पासवान उर्फ राजकुमार पासवान पर न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था। वह काफी दिनों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर गोह पुलिस ने कल्लू पासवान उर्फ राजकुमार पासवान के घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

### एनबीडबल्यू वारंटी को गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के कोसडीहारा गांव निवासी बच्चा उर्फ विधायक को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि कोसडीहरा गांव निवासी बच्चा उर्फ विधायक पर न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिली कि बच्चा उर्फ विधायक अपने घर पर है। गोह पुलिस द्वारा उसके घर पर छापेमारी की गई। उसे गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्वीप के तहत जीविका दीदियों ने ली मतदान की शपथ

**औरंगाबाद (का. सं.)।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद नगर भवन में बुधवार को 400 से अधिक जीविका दीदियों को स्वीप नोडल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी ने मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव निवासी जयराम सिंह बलराम सिंह योगेश सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान एसआई नागेंद्र प्रसाद एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि तीनों लोगों पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था, जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### लोकसभा चुनाव में काराकट के सांसद महाबलि सिंह की कट सकती है टिकट

**औरंगाबाद (का. सं.)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा( आरएलएम ) सुप्रीमो व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा की बिहार की काराकाट संसदीय सीट पर दावेदारी के बीच जेडीयू ने बड़ा बयान दिया है। जेडीयू के सीनियर लीडर और काराकाट के वर्तमान सांसद महाबली सिंह ने स्पष्ट किया कि पुनः एनडीए का अंग बनने के साथ ही जेडीयू और बीजेपी में जीती हुई सीटों को लेकर सबकुछ फाइनल है। इसमें किंतु-परंतु की कोई गुंजाइश नहीं है। कहा कि बीजेपी अपनी जीती हुई सीटों पर और जेडीयू अपनी जीती हुई सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। हालांकि जेडीयू के एनडीए में आने के पहले से ही उपेंद्र कुशवाहा इस गठबंधन में है। इसी वजह से जेडीयू के एनडीए का अंग हो जाने के बावजूद इस बात की आशंका जताई जा रही है कि काराकाट की लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद महाबली सिंह का टिकट कट सकता है। चौक-चौराहों पर भी ऐसी ही चर्चा चल रही है। वही इस तरह की चर्चा को दरकिनार करते हुए महाबली सिंह ने उत्साह भरे लहजे में कहा कि आप मेरे टिकट की बलि चढ़ने की बात कर रहे है। जान लीजिए मेरा नाम महाबली है और महाबली की बलि नही चढ़ती। कहा किसी भी सूरत में मेरे टिकट की बलि नही चढ़ने वाली है। हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू के सभी सांसदों को कह रखा है कि वें सभी अपने क्षेत्र में रहे। उनके टिकट पर कोई संकट नही है। अपने नेता के आदेश पर वें अपने क्षेत्र में लगातार जनता के बीच बने हुए है। कहा कि उपेंद्र कुशवाहा भी एनडीए के सम्मानित नेता है।

# शराब के खिलाफ अभियान में 790 लीटर से अधिक देसी-विदेशी शराब बरामद

- चार धंधेबाज गिरफ्तार, चार वाहन जब्त
- ओबरा प्रखंड में खुदवां थाना की पुलिस ने चंदा गांव में छापेमारी के दौरान सुधीर कुमार के घर से 74.175 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी को कारगर बनाए रखने को लेकर निरंतर चलाए जा रहे अभियान में बुधवार को औरंगाबाद जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस ने 790 लीटर से अधिक देसी-विदेशी शराब बरामद किया है। मामले में पुलिस ने चार शराब धंधेंबाजों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चार वाहन जब्त किए है। जब्त वाहनों में तीन बाइक और स्कोर्पियो शामिल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि माली थाना की पुलिस और सीआरपीएफ ने धनर बीघा के पास संयुक्त रूप से वाहन जांच के दौरान 4 लीटर महुआ शराब के साथ एक बाइक जब्त की है। साथ ही बाइक पर सवार दो लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में जयप्रकाश कुमार एवं सोनू कुमार शामिल है। दोनों थाना माली क्षेत्र के निवासी है। वहीं ओबरा प्रखंड में खुदवां थाना की पुलिस ने चंदा गांव में छापेमारी के दौरान सुधीर कुमार के घर से 74.175 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इसी प्रकार देव थाना की पुलिस ने मंझौली नहर के निकट दो बाइकर्स के पास से 133 लीटर महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनो बाइक जब्त करने के साथ ही दोनो बाइकर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बाइकर्स में औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के खड़िया टोले शिबू बीघा निवासी ब्रजेश कुमार एवं ढिबरा थाना के तरकाबड़ा निवासी अभिषेक कुमार शामिल है। इसके अलावा को जिला आसूचना इकाई( डीआइयू ) एवं औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने संयुक्त छापेमारी में एक स्कॉर्पियो से 578.880 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस दौरान वाहन का चालक भाग निकला।

# एनएसटीपीएस ने कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को दिया अमृत कृषि का प्रशिक्षण



- 125 से भी ज्यादा किसानो ने सीखा प्राकृतिक खेती एवं अमृत कृषि पद्धति

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** भारत की महारत्न कंपनी एनटीपीसी लि. के नबीनगर स्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) ने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बुधवार को किसानों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में देश के सुप्रसिद्ध कृषि विशेषज्ञों ने 125 से अधिक किसानों का अमृत कृषि एवं प्राकृतिक खेती पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनएसटीपीएस के परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत का हर एक किसान अपने आप में एक उद्यमी भी है। किसानों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि वह देश ही नहीं बल्कि कई मायने में दुनिया के भी अन्नदाता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपना कर सभी के लिए एक मिसाल पेश करे। कहा कि अमृत कृषि तकनीक किसानों के लिए काफी फायदेमंद है क्योंकि इस पद्धति से गांवों में बेहद कम लागत में खेती हो सकती है। इससे खेत की गुणवत्ता भी कई गुणा बढ़ाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को अमृत कृषि के उन्नत तकनीकों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। गौरतलब है कि एनएसटीपीएस, नबीनगर द्वारा परियोजना के निकटतम गांवों में सड़कों, स्कूलों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर एनएसटीपीएस के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रॉय थॉमस, अपर महाप्रबधंक( आर एंड आर ) एके पासवान एवं प्रबधंक( आर एंड आर ) दीपक कुमार भी मौजदू रहे।

# एचओपीसी के सदस्य ने रक्तदान कर बचाई युवक की जान



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, हैंड्स ऑफ प्रकाश चन्द्रा के संरक्षक एवं लोजपा( रामविलास ) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा के पहल पर दाउदनगर प्रखंड के भगवान बिगहा निवासी भूषण यादव के बेटे पियूष राज के लिए नीमा गांव निवासी श्रीकांत शर्मा ने रक्तदान समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। देव शर्मा के माध्यम से पियूष राज की रक्त की कमी की समस्या की मिलते हीं डॉ. चंद्रा ने अपने साथियों से मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया। आग्रह पर एचओपीसी के सदस्य श्रीकांत शर्मा ने अस्पताल पहुंच कर पियूष राज के लिए रक्तदान कर उनकी जीवन रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस नेक कार्य के दौरान एचओपीसी के सदस्य चिंटू मिश्रा, प्रशांत इंद्रगुरु, देव शर्मा, दीपक राज एवं रणधीर यादव मौजूद रहे। वही डॉ. चंद्रा ने श्रीकांत शर्मा जैसे रक्तदाता की सेवा भावना को प्रणाम किया और उनकी तारीफ हुए कहा कि श्रीकांत जैसे व्यक्ति हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने पियूष राज के जल्द से जल्द स्वस्थ होने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

# डीएम ने की आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास निगम व वन स्टॉप सेंटर के कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास निगम तथा वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित योजनाओं की समीक्षा प्रतिवेदन आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने प्रस्तुत किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर के के प्रशासक को निर्देश दिया कि लंबित वादों का जिक्र प्रतिवेदन में करना सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यकतानुसार गृह भ्रमण कर वादों का निष्पादन सुनिश्चित करें। आवेदिका के वादों का निष्पादन ससमय हो तथा उन्हें अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सेंटर प्रशासक स्वयं गृह भ्रमण कर वाद का निष्पादन सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को वन स्टॉप सेंटर के कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पालनाघर का संचालन सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। आईसीडीएस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण हेतु भूमि के लिए संबंधित अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि अधिग्रहित कर भवन निर्माण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में अविलंब प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान चावल का उठाव ससमय करने, सभी केंद्रों पर शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने, एसएएम- एमएएम चिन्हित बच्चों पर विशेष निगरानी रखने तथा एनआरसी में भेजने का निर्देश दिया। साथ ही सीडबल्यूसी एवं एमसी के मामलों के अविलंब निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# बसंतपुर टोला में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लगाया चौपाल



निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर के केरका शक्ति केन्द्र बसंतपुर टोला 237 बुथ संख्या दलित बस्ती में भाजपा विस्तारक दिलीप कुमार सिंह ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष शशी भूषण सिंह ने लाभार्थी सम्पर्क योजना के तहत चौपाल लगाकर दलित बस्ती के लोगों को पीएम मोदी का पत्रक और उनके संदेश तथा कार्य को बताया। कहा कि पीएम मोदी का उद्देश्य गरीबों का उत्थान करना है। विकास के लिए अनेकों योजनाओं को बताए हुए उसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने की बात कहा। इस दौरान चंदन कुमार, ददन राम, मुकेश राम कृष्णा राम, नन्हे चौधरी, डोमन चौधरी, सोहराई राम, टुना राम, बुधन राम, राजू राम, टिंकू राम, जगन राम, सुनिल राम, सुमित्रा देवी, रिता देवी, राधिका देवी, जमनिया देवी, मंटू राम समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# तीन दिवसीय विकसित भारत संकल्प जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार गया द्वारा औरंगाबाद के सच्चिदानंद सिंह महाविद्यालय में चल रहे 3 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें कवि सम्मेलन, संगोष्ठी, सेमिनार, पेंटिंग, मेहंदी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कुश्ती, वॉलीबॉल (पुरुष एवं महिला वर्ग) और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शामिल था।कुश्ती के पुरुष वर्ग में अनिकेत रंजन, गौरव राज, नंदन कुमार को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर ऋषि राज एवं मनीष कुमार, तृतीय स्थान पर आयुष कुमार एवं मोहम्मद बिन महमूद को दिया गया। वॉलीबॉल बालिका समूह में ग्रुप-ए टीम विनर रही जिसमें खुशी कुमारी, अंकिता कुमारी, प्रियंका सिंह, कोमल कुमारी, दया कुमारी, बबली कुमारी एवं अंजलि कुमारी शामिल थी। वॉलीबॉल पुरुष समूह में ग्रुप-ए टीम विजयी रही जिसमें उज्जवल कुमार, राजीव नयन, शुभम कुमार, किशु कुमार, अंकित कुमार एवं आशीर्वाद कुमार शामिल थे। संगीत में प्रगति, मोहित पाठक एवं प्रीति संगम को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली में मनीषा कुमारी, रिद्धिमा एवं शिवानी को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पेंटिंग में अंकित, समृद्धि सहाय एवं मनीषा को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नृत्य में दीप शिखा, समृद्धि सहाय एवं पायल गुप्ता को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ मेहंदी में शिवानी कश्यप मेघा एवं आंचल को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों एवं कार्यक्रम में लगे सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं जिन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कल्चरल समन्वयक नीतू सिंह की देखरेख में सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत हुई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव रंजन के द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन प्रबंधन विभाग के विभाग अध्यक्ष बहादुर भीम कुमार सिंह के द्वारा किया गया एवं टेक्निकल सपोर्ट फार्मेसी विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रवीण दुबे का रहा।

# सरस्वती देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई मनार पंचायत की उपमुखिया

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिले के दाउदनगर प्रखंड के मनार पंचायत के उप मुखिया का चुनाव प्रखंड कार्यालय सभागार में कराया गया। वार्ड सदस्य सरस्वती देवी निर्विरोध उप मुखिया निर्वाचित हुईं।

बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी योगेंद्र पासवान ने चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई। पर्यवेक्षक के रूप में औरंगाबाद के अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार उपस्थित रहे। उप मुखिया पद के लिए एकमात्र नामांकन सरस्वती देवी ने किया और वे निर्विरोध उप मुखिया निर्वाचित हुईं। बीडीओ ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। उप मुखिया के चुनाव में 10 वार्ड सदस्य उपस्थित हुए। इनमें सरस्वती देवी के अलावा सिकंदर यादव, सुनील कुमार, अविनाश कुमार, पचिया देवी ,पार्वती देवी, गुड़िया देवी, अनीता देवी, मीना देवी शांति देवी शामिल हैं।



PR-. No. 019716 (State Fire)D. 2023-24